मा मंदाकिनी का कलंक सरयू नदी बनी प्रदूषण की नाली

होटल तथा लाजों का पूरा गंदा कचरा मां मंदाकिनी गंगा में समाहित

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 22 जून, मां मंदाकिनी गंगा को लेकर तमाम समाजसेवी संगठनों द्वारा आए दिन फोटो शूट कार्नाटक चलता है देशभर में नदियों की स्वच्छता के नाम पर बड़े.बड़े अभियान चलाए जाते हैं नेता कैमरों के सामने झाड़ू लगाकर और नदी किनारे फोटोशूट कराकर सुर्खियां बटोरते हैं वहीं दूसरी ओर धर्मनगरी चित्रकूट की सीमा पर स्थित सरयू नदी बदहाली और गंदगी की मार झेल रही है।

नदी में फैली भीषण गंदगी न केवल पर्यावरण के लिए खतरा बन रही हैए बल्कि इसका दूषित पानी आगे और फिर फोटो शूट के बाद बनवास में चले जते हैं जाते हैं वही स्थानी प्रशासन मुक्त वधू बनकर तमाशा देखता है आसानी प्रशासन का ध्यान विशेष कर नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों का ध्यान आमदनी की तारफ पर लगा रहता है धार्मिक और सामाजिक कार्यों से कोई लेना-देना नहीं. पवित्र मंदाकिनी गंगा चाहे जैसीभी हो जाएहां भगवान काम का नाच पार्वती मां सरजू मां मंदाकिनी गंगा मे समाहित हुईहै जहां दोनों का संगमबताया जाताहै, स्थानीय लोगों का कहना है कि सरयू नदी में जगह-जगह कचरे के ढेर प्लास्टिक गंदगी और जलकुंभी का साम्राज्य फैला हुआ है। बरसों से सफाई के नाम पर केवल कागजी दावे किए जा रहे हैं जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। नदी का अस्तित्व और उसकी पवित्रता दोनों खतरे में पड़ते दिखाई दे रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि नदियों की सफाई को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाले जनप्रतिनिधि सामाजिक संगठन और अधिकारी आखिर इस भयावह स्थिति पर मौन क्यों हैंक्या उन्हें चित्रकूट की नदियों में फैली यह गंदगी दिखाई नहीं देतीए या फिर यहां कैमरों की चमक नहीं होने के कारण कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा. धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से देश-दुनिया में पहचान रखने वाला चित्रकूट आज गंदगी की इस गंभीर समस्या से जूझ रहा है। सरयू नदी की यह दुर्दशा पूरे चित्रकूट धाम की छवि को दागदार कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से तत्काल सफाई अभियान चलाकर नदी को प्रदूषण मुक्त करने की मांग की है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे पर कब जागते हैं या फिर सरयू और मंदाकिनी की पवित्र धारा यूं ही गंदगी के बोझ मैं दबीपीड़ा सहती रहेगी.

सिर्फ समीक्षा बैठकों से नहीं बदलेगी तस्वीर

धर्म नगरी चित्रकूट का हिस्सा दो प्रदेशों म बांटा हुआ दोनों प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है परंतु एक और मध्य प्रदेश की सरकार वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की सरकार दोनों के कार्यों बड़े पैमाने पर भिन्नता देखी जा रही उत्तर प्रदेश सरकार का भी निर्माण कर होताहै वह मजबूती के साथ होता है क्यों कि वहां की सरकार कार्यों में खामियां पाए जाने परक्शन लेने में पीछे नहीं होती वही मध्यपदेश की सरकार के कार्यों को देखा जाए तो यह झलकता है कि यहां विकास के नाम पर विनाश हो रहा है परिक्रमश परिसर में दोनों प्रदेश के सरकारों के कार्यों की समीक्षा की जाए तो स्पष्ट होताहै कि यह मध्यपदेश की सरकार काविकास है वही परिक्रमा में ही देखा जाए तो लगता है यह विकास उत्तर प्रदेश सरकार का है जबकि दोनों प्रदेश में भारतीय जनता पर्टी की सरकार हैं तो मध्य प्रदेश में ऐसा क्यों जब कि विकास के लिऐ मध्य पदेश सरकार ने नगर पंचायत कि व्यवस्था और विशेष प्राधिकरण का भी गठन कर चुकी है फिरभी श्रद्धालुओं को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की बदहाली क्यों जिसको लेकर जनता में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। लगातार उठ रहे सवालों और शिकायतों के बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नज़र नहीं आ रहा। ऐसे में अब लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि विकास प्राधिकरण के शीर्ष पद पर बैठे जिम्मेदारों को आखिर ज़मीनी हकीकत का कितना ज्ञान है या पूरा कार्यकाल सिर्फ समीक्षा बैठकों और कागज़ी योजनाओं में ही चित्रकूट की मां मंदाकिनी गंगा जैसे पवित्र को गंदगी से जूझ रही हैं कई इलाकों में मंदाकिनी किनारेअतिक्रमण की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं जबकि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए बुनियादी व्यवस्थाएँ भी सवालों के घेरे में हैं। इसके बावजूद समाधान की दिशा में कोईठोस कार्रवाई मैदान में नहींदखती है सिर्फबैठकों योजनाओं तथा दावों की चर्चा अधिक दिखाई दे रही हैस्थानीय लोगों का कहना है कि एयर कंडीशन कमरों में बैठकर विकास की तस्वीर नहीं बदली जा सकती इसके लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज़मीन पर उतरकर वास्तविक हालात देखने होंगे.

कबीर जयंती 29 को

नागौद 22 जून, विगत कई वर्षों की बात इस वर्ष भी 29 जून 2026 को कबीर जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा है । जिसमें सभी कबीर भक्त सादर आमंत्रित है।



यह कार्यक्रम सदगुरु कबीर आश्रम खेरवा टोला नागौद जिला सतना मध्य प्रदेश में सुनिश्चित है। कार्यक्रम में चार चरण है जिसमें पहला चरण शोभा यात्रा, दूसरा चरण पूजा आरती, तीसरा चरण प्रसाद वितरण एवं भंडारा चौथा चरण भजन कार्यक्रम ,एवं संगीत एवं मंचीय कार्यक्रम आयोजित है। शोभा यात्रा का कार्यक्रम शाम 4ः00 बजे से आयोजित है जिसमें कबीर मंदिर खेरवा टोला से प्रारंभ होकर अस्पताल चौराहा बस स्टैंड, जवाहर चौक गांधी चौक, होते हुए पुन सतगुरु कबीर आश्रम खेरवा टोला में समाप्त होगी। सभी कबीर भक्ति एवं सामाजिक बंधुओ से अपेक्षा करता हूं कि इस शोभायात्रा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को एवं शोभा यात्रा को सफल बनाएं। इसके बाद सदगुरु कबीर साहेब की पूजा आरती होगी एवं प्रसाद वितरण एवं भंडारा का कार्यक्रम होगा ।इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम संचालित होंगे, जिसमें भजन, संगीत एवं सामाजिक विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। अतः आप सभी सादर आमंत्रित है।

ट्रांसफार्मरों की क्षमता में हुई वृद्धि

नवभारत न्यूज

उचेहरा 22 जून, नगर के उपभोक्ताओं को हो रही लो बोल्टेज की समस्या और बार बार गुल होती बिजली की समस्या को दूर करने कार्यपालन अभियंता मैहर सहायक अभियंता मैहर एवं कनिष्ट यंत्री अनुराग पांडेय के विशेष पहल के साथ वरिष्ट अधिकारियो के निर्देश पर उपभोक्ताओं को राहत दिलाने कन्या विद्यालय के पास 100 केवीए की जगह 200 का इसी तरह परसमनियाँ रोड में लगे 100 की जगह 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया.

निश्चय ही ट्रांसफारमरो की क्षमता बढ़ जाने से जहां उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी वही बरसात के दिनो मे भी उपभोक्ताओ को राहत मिलेगी इसके पूर्व नगर के कई क्षेत्र में लोड क्षमता के हिसाब से ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढाई गई जिसमे छोटी छिपहटी , बसहा पार, गड़ी टोला , समदरियान टोला, खेरमाई मंदिर , नई रोड मैहर मार्ग ,आलोक पाण्डेय के पास, बडली चौराहा सहित अन्य जगहो में ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि आवश्यकता अनुसार की गई है ।



सम्मान

कोटर- कोटर थाना में पदस्थ आरक्षक लाल सिंह का प्रमोशन होने पर कोटर थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा ने फित्ती लगाकर सम्मान किया इस मौके पर कोटर थाना के समस्त स्टाफ मौजूद रहा

युवा संगम रोजगार मेला कल शासकीय आईटीआई सतना में

सतना 22 जून,जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 24 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कालेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना ने बताया कि रोजगार मेले में कंपनिया में शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

स्टेडियम के पास अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

नागौद 22 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नागौद में योगाभ्यास का भव्य कार्यक्रम इंडोर बैडमिंटन हाल के पास आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में खिलाड़ी, मॉर्निंग वॉक में आने वाले नगर के प्रमुख जन, वरिष्ठ समाज सेवी और व्यापारियों की उपस्थिति रही।

प्रातः 6.00 बजे क्रीड़ा भारती के प्रांताध्यक्ष अरुण कुमार सिंह तथा योग प्रमुख पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में योग किया गया। योग प्रमुख ने सर्वप्रथम प्रार्थना,

ओम शब्द के घननाद से कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद योग क्रिया के महत्व के बारे में बताया गया। प्रारंभ में योग और प्राणायाम किए गए जिसमे सर्वप्रथम खड़े होकर किए जाने वाले योग, उसके बाद बैठकर किए जाने वाले, फिर उदर के बल लेट कर किए जाने वाले तथा पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले योग का अभ्यास किया गया। योग-आसन के बाद प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, भस्तिका प्राणायाम हुए।योग क्रिया के पश्चात अरुण कुमार सिंह ने योग के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए आवाह्न किया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या योग क्रिया के बाद ही शुरू करनी चाहिए सभी को नित्य कुछ प्रमुख योग अवश्य करना ही चाहिए। योग रखे निरोग ऐसी धारणा मन में रखनी चाहिए। योग कार्यक्रम के पश्चात उत्साही बच्चों का एक खो-खो का प्रदर्शन मैच खेला गया जिसका आनंद भी नगर के खेल प्रेमियों ने लिया। कार्यक्रम के अंत में शांन्ति पाठ किया जाकर पौष्टिक अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

विश्व योग एवं संगीत दिवस पर मैहर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

नवभारत न्यूज

मैहर, 22 जून।विश्व योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस के अवसर पर संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर में रविवार सायं एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम में स्थानीय एवं प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार हिमांशू सैनी द्वारा सरोद वादन प्रस्तुत किया गया। वहीं मुख्य कलाकार के रूप में भोपाल के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक विजय सप्रे ने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। जबलपुर की कथक नृत्यांगना सुश्री शालिनी खरे एवं उनके साथी कलाकारों ने आकर्षक कथक नृत्य प्रस्तुत किया। संगत कलाकारों में उस्ताद इकरार हुसैन ने तबला तथा अंकित बागडे ने हारमोनियम पर संगत प्रदान की। शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में कला एवं संगीत प्रेमियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य योग एवं भारतीय संगीत-संस्कृति के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

मां दुर्गा शिक्षा निकेतन विद्यालय में चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ

नवभारत न्यूज

अमदरा 22 जून, मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, घुनवारा में आयोजित चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण रामायण द्विवेदी एवं रामगोपाल द्विवेदी के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

प्रथम दिवस में शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों, प्रभावी अध्यापन तकनीकों, कक्षा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता के अनुरूप शिक्षण करने के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए एवं विषय आधारित शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक संजय शुक्ला द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, वरिष्ठजनों एवं प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करते हैं तथा विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण के आगामी दिनों में विभिन्न विषयों एवं अध्यापन विधियों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए जाएंगे।

नागौद-रहिकवारा-सुरदहा-गुढ़ा मार्ग पर भगवान भरोसे सफर

नवभारत न्यूज

नागौद 22 जून, नागौद से रहिकवारा, सुरदहा और गुढ़ा सड़क मार्ग पर परिवहन व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे नजर आ रही है.

उदय चौक से प्रतिदिन ऐसी कंडम टैक्सियां संचालित हो रही हैं जिनमें क्षमता से अधिक यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर बैठाया जाता है इतना ही नहीं, वाहनों की छतों और डिक्की में भारी भरकम सामान लादकर यात्रियों की जान को खुलेआम खतरे में डाला जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वाहन चेकिंग के नाम पर जिम्मेदार विभाग केवल खानापूर्ति कर रहा है सड़क पर दौड़ रही कई टैक्सियां न तो सुरक्षा मानकों पर खरी उतरती हैं और न ही उनके दस्तावेजों की नियमित जांच होती है ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। वहीं क्षेत्र में बिना परमिट संचालित हो रहे कई वाहन भी प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं सबसे चिंताजनक बात यह है कि बच्चों को स्कूल ले जाने वाली कई बसों में सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं कई बसों में खलासी तक मौजूद नहीं हैं, जबकि स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सवाल यह है कि जब रोजाना सैकड़ों लोग इन मार्गों से सफर करते हैं तो जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इन खतरनाक वाहनों पर क्यों नहीं पड़ रही क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है ?

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद में हुआ योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

नागौद 22 जून, पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल नागौद में दिनांक 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रधानमंत्री जी के वर्चुअल उद्बोधन के साथ संस्था के प्राचार्य ए पी सिंह परिहार के मार्गदर्शन में विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने विविध प्रकार के प्राणायाम व योगाभ्यास का अभ्यास किया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य ए पी सिंह परिहार ने छात्र-छात्राओं को उद्बोधन देते हुए कहा कि हमारे जीवन में सफलता तभी मिलेगी जब हम योग प्राणायाम के साथ-साथ अध्ययन अध्यापन की सतत साधना करेंगे। सभी छात्र छात्राओं व शिक्षकों का आह्वान करते हुए श्री सिंह ने कहा कि हम सबको दैनिक योगाभ्यास करना चाहिए ताकि हमारा मानसिक विकास सतत विकसित होता जाए। और हम अपने कर्तव्य को और अच्छे ढंग से कर सकते हैं। प्राचार्य महोदय के उद्बोधन के पश्चात सभी को हेल्दी स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती रत्ना सिंह, डॉ श्वेता सिंह, डॉ सीमा चौरसिया, शांति सिंह, गायत्री सिंह, मनीषा मिश्रा, नीलम गुप्ता, माया बागरी, ज्योति सिंह, राकेश प्रताप सिंह, आशीष कुमार गर्ग, यश श्रीवास्तव व सहयोगी दीपक रैकवार प्रमुख रूप से रहे।

सिविल न्यायालय में मनाया गया योग दिवस

नागौद 22 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिविल न्यायालय नागौद में योग दिवस मनाया गया । इस अवसर पर अपर सत्र प्रथम न्यायाधीश उमेश शर्मा न्यायाधीश राजीव पटेल न्यायाधीश वैभव पटेल न्यायाधीश सुमोना सिंह अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनोज सिंह परिहार एडवोकेट अरुण प्रताप सिंह एवं के के सिंह समस्त न्यायालय स्टाफ उपस्थित रहा।

संयुक्त अभियान चलाकर किया कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को साफ

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 22 जून, विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत प्रतेक रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा संयुक्त रूप से कामतानाथ परिक्रमा मार्ग पर व्यापक महासफाई अभियान चलाया गया।

परिक्रमा मार्ग स्थित साक्षी गोपाल मंदिर के समीप से महासफाई अभियान की शुरुआत करते हुए तुलसी चैराहा, भारत मिलाप मंदिर व आसपास के क्षेत्रों से कूड़ा-करकट, प्लास्टिक व अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर समुचित निस्तारण किया गया। साथ ही सफाई कर्मियों द्वारा मार्ग के दोनों ओर जमे कचरे को बभी निकालकर साफ किया गया। इस दौरान नालियों में जमा गंदगी भी निकाली गई ताकि आगामी बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या न हो। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से नियमित रूप से स्वच्छता अभियानों में भाग लेने व नगर को स्वच्छ-सुंदर बनाने में योगदान देने की अपील की। नगर पालिका की डोर-टू-डोर संकलन व्यवस्था में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम रखने व सार्वजनिक स्थलों को गंदा न करने का संदेश भी दिया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और परिक्रमा मार्ग पर सुचारू आवागमन बना रहे। महासफाई अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अखिलेश केशरवानी, जानकी प्रसाद, विनोद, वीरेंद्र, राजेश, रवि, रामसिया, राकेश, मोनू, अंकुर केशरवानी सहित नगर पालिका के सफाई कर्मी व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया।

पीएलआई-आरपीएलआई लॉग इन डे महाभियान का आयोजन 25 से

नवभारत न्यूज

सतना 22 जून 2026/भारतीय डाक विभाग द्वारा सतना डाक संभाग में 25 जून 2026 को एक वृहद पीएलआई-आरपीएलआई लॉग इन डे महाभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत संभाग के सभी डाकघरों में विशेष काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां पात्र नागरिकों की डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा की नई पॉलिसियां मौके पर ही बनाई जाएंगी।

अधीक्षक डाकघर सतना संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि डाक विभाग की बीमा योजनाएं बाजार में सबसे सुरक्षित और बेहतर रिटर्न देने वाली योजनाओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं में कम प्रीमियम पर अधिक बोनस मिलता है, जिससे निवेशकों को बेहतर लाभ प्राप्त होता है। योजनाओं के अंतर्गत प्रीमियम राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 80 सी के तहत छूट का लाभ मिलता है, वहीं परिपक्वता या मृत्यु दावा राशि पर धारा 10 (10डी) के तहत पूर्ण कर छूट दी जाती है। इसके अलावा सरकारी गारंटी के कारण निवेश पूरी तरह सुरक्षित रहता है तथा आवश्यकता पड़ने पर पॉलिसी पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध है। इन योजनाओं का लाभ सरकारी एवं अर्ध-सरकारी कर्मचारी, विभिन्न पेशेवर वर्ग जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सभी वयस्क नागरिक उठा सकते हैं। डाक अधीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 25 जून को अपने नजदीकी डाकघर में पहुंचकर इस महाभियान का लाभ लें और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करें। अधिक जानकारी के लिए नागरिक अपने नजदीकी डाकघर या मोबाइल नंबर 8989589555, 9650140789, 7869727357, 7000450676 पर संपर्क कर सकते हैं।

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट
जिला-सतना (मध्य प्रदेश) – 485 334
NAAC A++ & UGC Category I University
दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत् शिक्षा केन्द
ऑन-लाइन आवेदन हेतु प्रवेश सूचना सत्र 2026-27

पत्रांक : दूरवर्ती/प्रवेश/26/ (MP Online Web Portal के माध्यम से) दिनांक : 20.05.2026

दूरवर्ती शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से अनुमोदित दूरवर्ती माध्यम **(ODL) से संचालित स्नातक/स्नातकोत्तर** तथा **डिप्लोमा पाठ्यक्रमों** में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं। **MP Online Web Portal (https://mgcgv.mponline.gov.in)** के माध्यम से ऑन-लाइन शुल्क सहित प्रवेश आवेदन करने की अंतिम तिथि **31 अगस्त, 2026** है।

(क) PG & UG Programmes

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि (वर्ष में)	अर्हता	पाठ्यक्रम शुल्क रु. (प्रथम वर्ष)	आवेदन-पत्र शुल्क+परीक्षा शुल्क 500+1200	प्रवेश के समय जमा करने वाली कुल राशि
1	M.A. (History)	2	Graduation	5000.00	1700.00	6700.00
2	M.A. (Political Science)	2	Graduation	5000.00	1700.00	6700.00
3	M.A. (English)	2	Graduation	5000.00	1700.00	6700.00
4	M.A. (Hindi)	2	Graduation	5000.00	1700.00	6700.00
5	M.A. (Sociology)	2	Graduation	5000.00	1700.00	6700.00
6	M.A. (Education)	2	Graduation	7500.00	1700.00	9200.00
7	M.B.A (Rural Management)	2	Graduation	20150.00	1700.00	21850.00
8	M.Com. (Master of Commerce)	2	B.Com.	10000.00	1700.00	11700.00
9	M.Sc. (Mathematics)	2	B.Sc. Maths	10000.00	1700.00	11700.00
10	M.S.W. (Master of Social Work)	2	Graduation	10000.00	1700.00	11700.00
11	B.A.	3	Intermediate (10+2)	2500.00	1700.00	4200.00
12	B.Com.	3	Intermediate (10+2)	5000.00	1700.00	6700.00
13	B.Sc.	3	Intermediate (10+2) (PCM/PCB)	5000.00	1700.00	6700.00
14	B.S.W. (Bachelor of Social Work)	3	Intermediate (10+2)	7500.00	1700.00	9200.00
15	B.Lib.I.Sc.	1	Graduation	7500.00	1700.00	9200.00
16	M.Lib.I.Sc.	1	B.Lib.I.Sc.	10000.00	1700.00	11700.00

(ख) Diploma Programmes

1	DJMC (Diploma in Journalism and Mass Communication)	1	Intermediate (10+2)	4300.00	1700.00	6000.00
2	DYN (Diploma in Yoga and Naturopathy)	1	Intermediate (10+2)	4300.00	1700.00	6000.00
3	DCA (Diploma in Computer Application)	1	Intermediate (10+2)	4300.00	1700.00	6000.00
4	DCS (Diploma in Cyber Security)	1	Intermediate (10+2)	4300.00	1700.00	6000.00
5	DHRE (Diploma in Human Rights Education)	1	Intermediate (10+2)	3000.00	1700.00	4700.00
6	DDM (Diploma in Disaster Management)	1	Intermediate (10+2)	3000.00	1700.00	4700.00
7	DIRPM (Diploma in Industrial Relation & Personnel Management)	1	Intermediate (10+2)	3000.00	1700.00	4700.00
8	DNGOM (Diploma in Management of NGOs)	1	Intermediate (10+2)	3000.00	1700.00	4700.00
9	डिप्लोमा इन कर्मकाण्ड	1	Intermediate (with Sanskrit)	3000.00	1700.00	4700.00
10	डिप्लोमा इन ज्योतिष	1	Intermediate (with Sanskrit)	3000.00	1700.00	4700.00
11	डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र	1	Intermediate (with Sanskrit)	3000.00	1700.00	4700.00

* पाठ्यक्रमानुसार अध्ययन सामग्री वि.वि. की वेबसाइट पर शिक्षार्थियों के अध्ययन हेतु उपलब्ध रहेगी। जो शिक्षार्थी अध्ययन सामग्री की हार्डकॉपी प्राप्त करना चाहते हैं वे निर्धारित शुल्क (रूपये 950/- मात्र) आवेदन के साथ विश्वविद्यालय खाते में जमा करेंगे। यह सुविधा शिक्षार्थियों के लिए स्वैच्छिक रूप से उपलब्ध रहेगी।
* विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क करें- **Website-** https://gramodayachitrakoot.ac.in **Email-** directorde@gramodayachitrakoot.ac.in
* दूरभाष क्रमांक – 07670-265460, 9450167792 (मोबा.)

कुलसचिव